# मंदाकिनी नदी का सीना चीरती मशीनें, प्रशासन मौन

■ रुद्रप्रयाग में रिवर ड्रेजिंग पट्टों पर मानकों की उड़ रहीं धज्जियां, 1.5 मीटर की जगह 6 मीटर तक खुदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में रिवर ड्रेजिंग के नाम पर नदियों का बेरहमी से दोहन किया जा रहा है। सरकारी मानकों के अनुसार नदी तल से अधिकतम 1.5 मीटर तक ही मलबा हटाने की अनुमति है, ताकि नदी का प्राकृतिक संतुलन और पर्यावरण सुरक्षित रहे। लेकिन जलई पट्टे में दिन-दहाड़े 6 मीटर तक गहरी खुदाई कर नियमों को खुली चुनौती दी जा रही है।

सूत्रों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि भारी मशीनों से की जा रही इस अंधाधुंध खुदाई ने नदी की संरचना को असंतुलित कर दिया है। सवाल यह है कि जब नियम स्पष्ट हैं तो इतनी गहराई तक खनन किसके संरक्षण में हो रहा है? उत्तराखंड की रिवर ड्रेजिंग नीति (2021 एवं संशोधन) में साफ प्रावधान है कि ड्रेजिंग का उद्देश्य नदी के प्रवाह को सुचारु करना और चौनलाइजेशन तक सीमित रखना है। अधिकतम गहराई की सीमा तय की गई है ताकि पर्यावरणीय संतुलन बना रहे। लेकिन जलई पट्टे में 6 मीटर तक खुदाई कर इन नियमों को दरकिनार किया जा रहा है। यह सिर्फ मानकों का उल्लंघन नहीं, बल्कि पर्यावरणीय आपदा को न्योता देने जैसा है।पर्यावरण विशेषज्ञ देवराघवेंद्र बद्री का मानना है कि इतनी गहरी खुदाई से नदी का प्राकृतिक प्रवाह असंतुलित हो सकता है। तटवर्ती क्षेत्रों में कटाव तेज हो सकता है। अचानक बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। भूजल स्तर गिर सकता है। पुलों और सड़कों की नींव कमजोर पड़ सकती है

यदि यही स्थिति जारी रही तो मंदाकिनी सहित अन्य नदियों का इकोसिस्टम गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है। अब देखना यह है कि प्रशासन सख्ती दिखाता है या नदियों का दोहन यूं ही चलता रहेगा।

### अधिकारी बोले जांच करेंगे

**रूद्रप्रयाग।** खनन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि जलई में तीन मीटर तक खनन की अनुमति है और शेष मामले में मौके पर जाकर जांच की जाएगी। हालांकि स्थानीय लोग इसे औपचारिक बयान मान रहे हैं और तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### केदारघाटी की जनता का सवाल

**रूद्रप्रयाग।** यदि अनुमति 1.5 या 3 मीटर तक है तो 6 मीटर खुदाई कैसे? क्या निरीक्षण सिर्फ कागजों में हो रहे हैं? अवैध खनन से होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी कौन लेगा? स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल संयुक्त निरीक्षण, अवैध खनन पर रोक, दोषियों पर मुकदमा और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

## उत्तरकाशी : केमिस्ट्स एसोसिएशन की वार्षिक बैठक संपन्न

**उत्तरकाशी :** केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन उत्तरकाशी की वार्षिक बैठक संपन्न हो गई है। रविवार को जिला मुख्यालय आयोजित बैठक का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महासंघ के महामंत्री अमित गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय गान के साथ किया। इस दौरान महामंत्री अमित ने कहा कि दिन प्रतिदिन दवा व्यवसाय नये नियमों के कारण सतर्कता से करने का समय आगया है। वहीं ड्रग इंस्पेक्टर ने नशे के खिलाफ लड़ने की अपील की गई है। संघ के अध्यक्ष माधव प्रसाद जोशी ने दवा व्यवसायियों की सराहना करते हुए बताया की पुरे उत्तरकाशी मैं उत्तरांचल व्यवसाई महासंघ के सदस्यों द्वारा कोई भी गलत काम नहीं किया जा रहा है ना उनको गलत कामों द्वारा पैसे कमाने का लालच है सभी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है प्रॉपर बिल द्वारा दवा मांगवाई जा रही है। इस मौके पर अमित सकलानी मनोज भंडारी, शैलेन्द्र रतूड़ी, सुशील भट्ट, मनोज भंडारी, नवीन कुड़ियाल, रमेश भट्ट मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### लोनिवि पर लगाया पार्किंग स्थल पर अवैध कब्जे का आरोप पूर्व जिला पंचायत सदस्य महिपाल ने डीएम को भेजा ज्ञापन

**श्रीनगर।** हिंडोलाखाल क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित पार्किंग स्थल पर अवैध कब्जे और निर्माण कार्य शुरू किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पूर्व जिला पंचायत सदस्य महिपाल सिंह बुटोला ने जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल को पत्र प्रेषित कर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। जिलाधिकारी टिहरी को भेजे ज्ञापन में महिपाल सिंह बुटोला ने कहा कि लगभग तीन वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग (लो.निवि) कीर्तिनगर द्वारा करीब 49 लाख रुपये की लागत से पार्किंग का निर्माण कराया गया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में कुछ व्यक्तियों द्वारा उक्त भूमि को अपनी निजी संपत्ति बताकर निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई है। कहा कि वर्ष 1975 में बनी सड़क के चौड़ीकरण के दौरान विभाग द्वारा कटिंग कर लगभग पांच मीटर सड़क जोड़ी गई थी और वर्तमान में इसी मार्ग से आवाजाही हो रही है। उन्होंने प्रशासन से निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने और संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की मांग की।

### एआई एंड साइबर थ्रेट रिसर्च सेंटर होगा शुरू

**देहरादून।** क्लाउड सुरक्षा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी जीस्केलर इंक. ने भारत की सबसे बड़ी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों में से एक भारती एयरटेल (एयरटेल) के साथ मिलकर आज "एआई एंड साइबर थ्रेट रिसर्च सेंटर इंडिया" के शुरुआत की घोषणा की है। यह एक साझा डिजिटल पहल है, जिसका उद्देश्य भारत की राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा क्षमता को मजबूत करना है। यह दूरसंचार, बैंकिंग और ऊर्जा जैसे देश की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों, उद्योगों और प्रमुख डिजिटल संपत्तियों की रक्षा करने पर केंद्रित है।

भारती एयरटेल के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन गोपाल विट्टल ने कहा, "एयरटेल में हमारी प्रतिबद्धता अपने ग्राहकों और देश के डिजिटल ढांचे की सुरक्षा को लेकर रही है। जीस्केलर के साथ यह साझेदारी उसी प्रतिबद्धता का विस्तार है, जिसमें हम अपनी एआई क्षमता और व्यापक पैमाने का उपयोग कर देश के बढ़ते डिजिटल तंत्र की रक्षा करेंगे।

जीस्केलर के सीईओ, चेयरमैन और संस्थापक जय चौधरी ने कहा, "" भारत ऐसी आबादी के स्तर पर डिजिटल सिस्टम बना रहा है, जिसकी तुलना कहीं और नहीं है। इतने बड़े लक्ष्य को पुराने फायरवॉल और वीपीएन के माध्यम से सुरक्षित नहीं किया जा सकता, क्योंकि इन्हें हाइपर कनेक्टेड दुनिया के लिए नहीं बनाया गया था। इसके लिए ऐसी आधुनिक जीरो ट्रस्ट संरचना चाहिए, जो शुरुआत से ही सुरक्षित हो।

### एनसीसी कैडेट्स को वितरित किए बैग

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान सम्मान में गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट, ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी एवं गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह द्वारा वर्दी का सम्मान कार्यक्रम के तहत 100 एनसीसी कैडेट्स नैप सैक/बैग भेंट किए। बताते चलें कि यह कार्यक्रम भारतीय सेना के जवानों, अधिकारियों के वस्त्रों को रीसाइकल कर विभिन्न महिला समूहों द्वारा बनाए जाते हैं। इसका मुख्य ध्येय नयी पीढ़ी के अंदर भारतीय सेना के प्रति सम्मान एवं लगाव उत्पन्न करने के साथ-साथ ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करवाना है। मौके पर कार्यक्रम संयोजक प्रो. महेंद्र प्रताप सिंह बिष्ट, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसाईं, माउंटेन ब्रिगेड जोशीमठ के ब्रिगेडियर गौरव बत्रा, एनसीसी के एनओ डॉ. सुरेंद्र कुँवर सहित आदि मौजूद थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनी होली एंजिल स्कूल की रजत जयंती

■ छात्रों ने सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** होली एंजिल स्कूल देवली की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या में रंग, उमंग और भारतीय संस्कृति की विविधता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

मौके पर छात्र-छात्राओं ने देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि देवप्रयाग विधानसभा के विधायक विनोद कंडारी, कीर्तिनगर नगर पंचायत अध्यक्ष डा. राकेश मोहन मैठाणी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात सरस्वती वंदना की मधुर प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। छात्रों ने जौनसार, हिमाचली, पंजाबी और पूर्वोत्तर राज्यों के पारंपरिक लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि होली एंजिल स्कूल ने शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और संस्कृति को जिस प्रकार संजोया है, वह अत्यंत सराहनीय है। कहा कि रजत जयंती केवल 25 वर्षों की उपलब्धि नहीं, बल्कि उन अनगिनत सपनों और सफलताओं का उत्सव है, जिन्हें इस संस्थान ने साकार किया है।

इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता लखपत सिंह भंडारी, जगतनारायण रतूड़ी, उत्तम असवाल, ओमप्रकाश बधानी, ऋषि भट्ट, सरिता पुण्डीर, मनोज कुमार जोशी, उत्तम भंडारी सहित आदि मौजूद थे।

# रुद्रप्रयाग में राहुल गांधी का पुतला दहन, युवा मोर्चा का जोरदार प्रदर्शन

■ देश से माफी मांगें राहुल गांधी के लगे नारे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** एआई इंपैक्ट समिट में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोपों को लेकर जनपद में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। इस प्रकरण को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने तीखा विरोध दर्ज करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन कर उनका पुतला दहन किया।

प्रदर्शन का नेतृत्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आशीष कंडारी ने किया। कार्यकर्ताओं ने बाजार क्षेत्र में एकत्रित होकर "देश से माफी मांगो" और "भारत विरोधी बयानबाजी बंद करो" जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की छवि धूमिल करने की साजिश रची जा रही है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि देश की प्रतिष्ठा सर्वोपरि है और किसी भी राजनीतिक मतभेद से ऊपर राष्ट्रहित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी मंच से भारत के खिलाफ नकारात्मक संदेश जाता है तो उसका लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाएगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष भारत भूषण भट्ट ने कहा कि युवा मोर्चा राष्ट्र के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल देश की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात रहा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, लेकिन राजनीतिक बयानबाजी के चलते आगामी दिनों में इस मुद्दे पर और भी बयानबाजी तेज होने की संभावना है। इस दौरान गढ़वाल सह संयोजक विकास डिमरी, पूर्व जिला महामंत्री अजय सेमवाल, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष निवास चमोला, तेजपाल गुसाईं, जिला महामंत्री ऋतिक नौटियाल, धर्मेंद्र कांडवाल, जिला सोशल मीडिया सह संयोजक अनिल रावत और जिला मंत्री मुकुल मैठाणी, मुकिम अहमद सहित अन्य मौजूद थे।

# अष्टादश महापुराण समिति की बैठक में अति रूद्र महायज्ञ पर किया गया विचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** अष्टादश (18) महा.पुराण के अध्यक्ष हरि सिंह राणा के अध्यक्षता में समिति की बैठक रविवार को श्री हनुमान मंदिर में संपन्न हुई।

बैठक में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने सुझाव दिए हैं। इस दौरान समिति के अध्यक्ष हरि सिंह राणा एवं संयोजक प्रेम सिंह पंवार ने बताया कि उत्तरकशी में अब तक नौ बार अष्टादश महा.पुराण संपन्न हो चुके हैं। इस बार अति रुद्र महायज्ञ करने पर विचार किया जा रहा है। इस में निर्णय लिया गया कि होली के बाद पुनः समिति की ओर से बैठक रखी जायेगी।

इस दौरान कथा वक्ता आचार्य वृदा प्रसाद शास्त्री ने बताया कि अति रूद्र महायज्ञ भगवान शिव की



आराधना का सर्वोच्च और अत्यंत शक्तिशाली वैदिक अनुष्ठान है, जो लोक कल्याण, सार्वभौमिक शांति और समृद्धि के लिए आयोजित किया जाता है।

इसमें 11 दिनों विद्वान पंडितों द्वारा करीब 14,641 बार श्री रुद्रम का पाठ और करीब 1,331 बार रुद्र होम किया जाता है, जो महा-मृत्युंजय ऊर्जा उत्पन्न करता है। उन्होंने बताया कि सतयुग युग में अश्वमेध यज्ञ का आयोजन होता था कलयुग में अति रुद्र महायज्ञ का फल अश्वमेध यज्ञ के बराबर होता। बैठक में अध्यक्ष हरि सिंह राणा, संयोजक प्रेम सिंह पंवार, नत्थी सिंह रावत, कोषाध्यक्ष नेगी, पार्वती गौड़, वृंदा प्रसाद शास्त्री, प्रताप सिंह पोखरियाल, राजेन्द्र सिंह पंवार, किशन सिंह पंवार, प्रथम सिंह व्रतवाल, कन्हैया रामोला आदि ने अपने विचार रखे हैं

## दुनिया का सबसे पतला स्मार्ट फोन पोवा कर्व 2 बिक्री के लिए उपलब्ध

**देहरादून।** पोवा कर्व 2 आधिकारिक तौर पर आज से बिक्री के लिए उपलब्ध है, जो वास्तविक दुनिया के संघर्ष के लिए डिजाइन किए गए स्लिम, कर्व्ड डिजाइन में अत्यधिक सहनशक्ति लेकर आया है। पोवा ने हमेशा स्मार्टफोन को पहचान का बैज माना है, जिसे खास तौर पर बोल्ड इंडियन स्पिरिट के लिए बनाया गया है। जहां ओरिजिनल पोवा कर्व ने अपने इनोवेटिव एस्थेटिक्स से अलग पहचान बनाई थी, वहीं पोवा कर्व 2 एक बड़ी छलांग है। पोवा कर्व 2 एक आकर्षक कीमत पर उपलब्ध है। 8जीबी + 128जीबी वैरिएंट: 27,999 रुपए और 8जीबी + 256जीबी वैरिएंट: 29,999 रुपए में उपलब्ध है। यह स्मार्टफोन अभी फ्लिपकार्ट और देश भर के बड़े रिटेल स्टोर पर खरीदने के लिए उपलब्ध है। खरीदार बड़े बैंक और एनबीएफसी पार्टनर से 3,000 तक का कैशबैक भी पा सकते हैं।

# त्रिवेणी प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाया प्रतिभा का हूनर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी** 22 फरवरी : उत्तरक.ाशी विकास भवन लदाडी स्थित गोपाल विद्या मंदिर में के छात्र-छातों ने त्रिवेणी प्रदर्शनी का भव्य आयोजन में अपने प्रतिभा का हूनर दिखाया है। इस प्रदर्शनी में चार प्रमुख अनुभाग थे मौल्यार, (जहाँ परंपराएँ नवाचार से मिलती हैं) रंगप्रभा, प्रज्ञान और विरासत, जिनमें विज्ञान, कला, पारंपरिक शिल्प और सांस्कृतिक धरोहर की अद्भुत झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख भटवाडी श्रीमती ममता पंवार ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी का उद्घाटन कर विभिन्न मॉडलों एवं कलाकृतियों का अवलोकन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तार्किक सोच, पर्यावरणीय संवे.दनशीलता तथा समस्या-समाधान की क्षमता बढ़ती है। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान और कला क नाव्पन से समाजोपयोगी नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए विद्यालय को भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नगरपालिका पार्षद श्रीमती वन्दना नौटियाल उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि यह प्रदर्शनी विज्ञान, कला और संस्कृति के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने में सहायक होगी। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास सेमवाल ने बताया कि बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार क्षमता तथा कलात्मक सृजनशीलता, अपनी परंपराओं से जोड़ने के लिए को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से त्रिवेणी प्रदर्शनी एवं कला-शिल्प प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी आगंतुकों और विशेष अतिथियों का आभार व्यक्त किया और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और छात्रों के प्रयासों की सराहना की।



### प्रतिभा, परंपरा और विज्ञान का हुआ संगम

प्रदर्शनी में प्रज्ञान, रंगप्रभा, (कल्पना के रंग) जीवंत चित्रकला और शिल्प विरासत (गढ़वाली संस्कृति जीवंत) लोक संगीत, नृत्य, कला और परंप.राओं का उत्सव कार्यक्रम विवरण

मौल्यार और विरासत नामक चार अनुभाग शामिल रहे। विज्ञान अनुभाग में जल संरक्षण व सौर ऊर्जा से जुड़े मॉडल प्रदर्शित किए गए, जबकि कला अनुभाग में चित्रकला और हस्तशिल्प ने आकर्षित किया। विरासत अनुभाग में लोक संस्कृति और पारंपरिक शिल्प की झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा की। विद्यालय प्रशासन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# त्रियुगीनारायण मंदिर में शीतकालीन आस्था का महा-रिकॉर्ड

■ शिव-पार्वती विवाह स्थल की दिव्यता का आकर्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** देवभूमि उत्तराखंड की पावन वादियों में स्थित विश्व प्रसिद्ध त्रियुगीनारायण मंदिर ने इस वर्ष शीतकालीन यात्रा के दौरान आस्था का नया इतिहास रच दिया है। 24 अक्तूबर से 21 फरवरी तक चले शीतकालीन दर्शन काल में कुल 47,868 श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक और जलाभिषेक कर विश्व शांति, परिवार की समृद्धि एवं मंगलकामनाएं कीं। मंदिर प्रबंधन के अनुसार यह संख्या बीते वर्ष के मुकाबले उल्लेखनीय रूप से अधिक है। पिछले वर्ष जहां शीतक.ालीन यात्रा का आंकड़ा लगभग 40 हजार के आसपास रहा था, वहीं इस बार यह बढ़कर 47 हजार के पार पहुंच गया। यह वृद्धि न केवल आस्था की मजबूती को दर्शाती है, बल्कि शीतकाल में भी धार्मिक पर्यटन के निरंतर विस्तार का संकेत है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी पवित्र धरा पर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपंन हुआ था। मंदिर परिसर में स्थित अखंड अग्निकुंड को उसी दिव्य विवाह का साक्षी माना जाता है, जो युगों से निरंतर प्रज्वलित है। श्रद्धालु इस अग्नि को साक्षी मानकर वैवाहिक जीवन की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

देशभर में "वेडिंग डेस्टिनेशन" के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त कर चुके इस मंदिर में वर्षभर विवाह समारोह आयोजित होते हैं। विशेष रूप से शुभ मुहूर्तों में यहां नवयुगलों की लंबी बुकिंग सूची देखी जा रही है।



### शीतकाल में भी उमड़ा आस्था का सैलाब

**रूद्रप्रयाग।** जहां अधिकांश पर्वतीय क्षेत्रों में शीतकाल के दौरान तीर्थाटन की रफ्तार धीमी हो जाती है, वहीं त्रियुगीनारायण में श्रद्धालुओं की निरंतर आवाजाही ने नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। बर्फीली ठंड के बावजूद देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। मंदिर प्रबंधक अजय शर्मा ने बताया कि शीतकालीन यात्रा में इस बार अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गई है। बेहतर सड़क संपर्क, ऑनलाइन सूचना प्रणाली और वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में बढ़ती लोकप्रियता ने भी श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है।

### स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिला संबल

**रूद्रप्रयाग।** श्रद्धालुओं और विवाह समारोहों की बढ़ती संख्या से स्थानीय व्यापार, होटल व्यवसाय, पंडिताई व्यवस्था और परिवहन क्षेत्र को भी सीधा लाभ मिला है। शीतकाल में भी बाजारों में रौनक बनी रही, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

**24 अक्टूबर से 21 फरवरी तक 47,868 श्रद्धालु पहुंचे,**
बीते वर्ष से लगभग सात हजार अधिक दर्शनार्थी, अखंड अग्निकुंड बना आस्था का केंद्र, शीतकाल में भी पर्यटन और व्यापार को मिला बढ़ावा,

## होली से पूर्व मिलावटखोरी पर सख्ती, 156 नमूने जांच को भेजे गए

**कोटद्वार।** होली पर्व को देखते हुए जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया है। सहायक आयुक्त, खाद्य संरक्षा एवं औषधि पीसी जोशी ने बताया कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण कर दूध, दुग्ध उत्पाद, खाद्य तेल, नमकीन, मिठाई, कोल्ड ड्रिंक व जूस सहित कुल 156 नमूने जांच हेतु राजकीय प्रयोगशाला भेजे गए हैं।सहायक आयुक्त ने बताया कि अब तक प्राप्त 81 जांच रिपोर्टों में 16 नमूने खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए हैं। ऐसे मामलों में संबंधित विक्रेताओं एवं निर्माताओं के विरुद्ध अपर जिलाधिकारी न्यायालय में वाद दायर किए गए हैं। शेष नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बताया कि खाद्य टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 12 खाद्य वस्तुओं के नमूने जांच को भेजे।

# 2027 विधानसभा चुनाव में भाजपा जीत करेगी हासिल : डा. निशंक

■ बोले, कार्यकर्ताओं की साधना के बलबूते भाजपा बनी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** सूबे के पूर्व केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि कार्यकर्ताओं कि साधना के बलबूते ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने कम समय पर ही उस शिकर को छुआ है, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। रविवार को जीएमवीएन सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी ने उत्तराखंड राज्य का निर्माण किया था और उसको सवारने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जा रहा है। कहा कि विजन और विचार के चलते आज भाजपा देश की जनता की पसंदीदा पार्टी बन चुकी है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश अग्रणी देश में शुमार हो गया है। आगामी विधानसभा चुनाव के सवाल पर उन्होंने कहा कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा एक बार फतह हासिल करेगी। कहा कि भाजपा के विकास कार्य और विजन के चलते विपक्षी पार्टियां पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गयी है। वहीं प्रदेश के कानून व्यवस्था को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल ने कहा कि उत्तराखंड एक शांत प्रदेश है। प्रदेश के मुख्यमंत्री कानून व्यवस्था को मजूबत करने का कार्य कर रहें है। घटना के अपराधियों को धरपकड़ कर उसको सबक सिखाया जा रहा है। इस मौके पर मौके पर अतर सिंह असवाल, विनय घिल्डियाल, व्यापार सभा के अध्यक्ष दिनेश असवाल, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रमिला भंडारी आदि मौजूद रहे।

# नई ऊर्जा का संचार करता है मन की बात कार्यक्रम : जोशी

■ कैबिनेट मंत्री ने सुना पीएम मोदी के 'मन की बात' का 131वां संस्करण, कहा - मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक सोच, नवाचार और राष्ट्रनिर्माण के प्रति निरंतर करता है प्रेरित



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 51 दून विहार जाखन में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 131वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक समिट में भारत की एआई क्षमताओं की सराहना करते हुए बताया कि तीन 'मेड इन इंडिया' एआई मॉडल लॉन्च कर देश ने आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है।

उन्होंने टी-20 विश्व कप में भारतीय मूल के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि भारतीय प्रतिभा विश्व स्तर पर चमक रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसान अब उत्पादन के साथ-साथ गुणवत्ता, वैल्यू एडिशन और नए बाजारों पर भी ध्यान दे रहे हैं। पीएम ने कहा कि भारत 15 करोड़ टन से अधिक उत्पादन के साथ विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश बन चुका है।

उन्होंने 'स्वदेशी अपनाइए' अभियान को मजबूत करने का भी आह्वान किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक सोच, नवाचार और राष्ट्रनिर्माण के प्रति निरंतर प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश के कोने-कोने में हो रहे रचनात्मक कार्यों, नवप्रवर्तनों और जनभागीदारी की प्रेरक कहानियों को सामने लाकर समाज में नई ऊर्जा का संचार करता है। कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि 'मन की बात' के प्रत्येक एपिसोड में युवाओं, किसानों, महिलाओं और स्टार्टअप से जुड़े विषयों को प्रमुखता मिलती है, जिससे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि देशवासियों को जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने वाला सशक्त मंच है। कैबिनेट मंत्री जोशी ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे नियमित रूप से 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनें और उससे प्रेरणा लेकर समाज व राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष निशा शर्मा, पार्षद मीनाक्षी नौटियाल, विजय शर्मा, बीजेपी नेता सुरेन्द्र राणा, मंजीत रावत, संजय नौटियाल आदि उपस्थित रहे।

# उमेश शर्मा काऊ के खिलाफ विकासनगर में जोरदार प्रदर्शन

■ कांग्रेसियों ने काऊ के पुतले को किया आग के हवाले



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** देहरादून पिटाई प्रकरण को लेकर डाकपत्थर चौक विकासनगर में कांग्रेस समर्थकों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा नेता उमेश शर्मा काऊ के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई।

प्रदर्शन का नेतृत्व यूथ कांग्रेस चकराता विधानसभा अध्यक्ष सूरज तोमर ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि देहरादून में हुई पिटाई की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस प्रकार की घटनाओं की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता के प्रभाव में इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस समर्थकों ने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

प्रदर्शन में सूरज तोमर के साथ अजीत चौहान देऊ, शुभम चौहान, सिद्धार्थ चौहान, शुभम जोशी, रजत तोमर (हैप्पी), रिंकू कनोजिया, सागर राणा, हिमांशु राठौर, अखिलेश चौहान, कमलदीप तोमर, सुशील चौहान, विदेश चौहान, आदित्य राणा, आदित्य बिष्ट सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में कुछ समय के लिए माहौल गरमाया रहा, हालांकि पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि वे न्याय की मांग को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से अपना संघर्ष जारी रखेंगे।

## एक नजर ...

### हुड़दंगियों पर दून पुलिस के वार से प्रेमनगर में 10 छात्र गिरफ्तार

**देहरादून।** राजधानी में वीकेंड पर शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ पुलिस ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। क्षेत्राधिकारी विवेक सिंह कुटियाल के निर्देशन में प्रेमनगर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस ने बिधोली-पौधा क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग करने वाले 10 छात्रों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी देहरादून के निर्देशों पर पुलिस ने देर रात छापेमारी की। गिरफ्तार छात्र स्थानीय यूनिवर्सिटी के हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ कार्रवाई के लिए संबंधित कॉलेज प्रबंधन को भी रिपोर्ट भेज दी है।पुलिस ने साफ किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंन्द्र डोभाल के निर्देशानुसार, सभी थाना क्षेत्रों में देर रात हुड़दंग करने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से हॉस्टल और शिक्षण संस्थानों के आसपास हुड़दंग करने वाले तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

### डालनवाला पुलिस ने दबोचा स्कूटी चोर परेड ग्राउंड के पास से उड़ाई थी स्कूटी

**देहरादून।** राजधानी की डालनवाला पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने परेड ग्राउंड के पास से स्कूटी चोरी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का वाहन बरामद कर लिया है।हरिद्वार निवासी वादिनी संध्या भारती ने ई-एफआईआर दर्ज कराई थी कि परेड ग्राउंड स्थित धरना स्थल (निकाल दून क्लब) के पास से उनकी स्कूटी अज्ञात चोरों ने पार कर दी है। शिकायत के आधार पर कोतवाली डालनवाला में बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देशों पर गठित टीम ने मुखबिरों को सक्रिय किया। शनिवार रात चेकिंग के दौरान कॉन्वेंट सर्विस रोड के पास से पुलिस ने एक संदिग्ध राहुल उर्फ अभिषेक रौथाण निवासी ग्राम रलथम पौड़ी गढ़वाल हाल निवासी: वृन्दावन एन्क्लेव, रायपुर, देहरादून को रोका। कड़ाई से पूछताछ करने पता चला कि स्कूटी को चोरी करने वाला यही अपराधी था पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर उसे जेल भेजा।

### वन विभाग कार्यालय में तोड़फोड़ करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**देहरादून।**राजधानी के थाना क्लेमेंटाउन क्षेत्र के अंतर्गत वन क्षेत्राधिकारी (रेंजर) कार्यालय में घुसकर हंगामा और तोड़फोड़ करने वाले आरोपियों पर दून पुलिस ने कड़ा एक्शन लिया है। पुलिस ने घटना में शामिल दो मुख्य अभियुक्तों, वैभव गौड़ और सावेज शाह, को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।देहरादून पुलिस कप्तान ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जिले की शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले और सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।बीती 21 फरवरी 2026 को आशारोड़ी रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रवींद्र कुमार बेडवाल ने थाना क्लेमेंटाउन में तहरीर दी थी। आरोप था कि वैभव गौड़ और सावेज शाह ने रेंज कार्यालय में घुसकर न केवल गाली-गलौज और मारपीट की, बल्कि वहां खड़े सरकारी वाहनों में भी तोड़फोड़ की। इस हंगामे के कारण राजकीय कार्य में भी काफी बाधा उत्पन्न हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तत्काल प्रभाव से बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी देहरादून ने थानाध्यक्ष क्लेमेंटाउन को तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। पुलिस टीम ने सुरागरसी और पतारसी करते हुए रविवार, 22 फरवरी को दोनों नामजद आरोपियों वैभव गौड़ पुत्र शिव प्रसाद सिंह गौर, निवासी चोला चंद्रमणि, पटेल नगर सावेज शाह पुत्र अकरम शाह, निवासी माजरा, पटेल नगर को धर दबोचा। पुलिस कप्तान बोलेष्कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकारी कार्यालयों में अराजकता फैलाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### भाजपा विधायक उमेश को गिरफ्तार किया जाए: धीरेंद्र

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने भाजपा विधायक उमेश को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विधायक कानून से ऊपर नहीं है इस तरह की उन्होंने गुंडागंदी मचाई है उन्हें सजा मिलनी हीं चाहिए। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया घटना को 24 घंटे हो गए लेकिन अब तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया।

उन्होंने कहा यह विधायक उत्तराखंड को उत्तर प्रदेश की कार्बन कॉपी बनाने पर लगे लेकिन अगर इन्हें सीधा किया गया तो तभी कानून की हद में आ पाएंगे।

### इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट ने बढ़ाए नए विजन की और कदम

**देहरादून।** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित हुए एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में भाग ले रहा है। मंत्रालय ने "एआई फॉर इनक्लूसिव डेवलपमेंट" के विजन पर केंद्रित एक खास पवेलियन स्थापित किया है, जिसमें भारत की एआई यात्रा के मुख्य केंद्र में स्किलिंग को रखा गया है। जब यह समिट ग्लोबल लीडर्स, पॉलिसीमेकर्स और टेक्नोलॉजी पायनियर्स को एक साथ ला रहा है, जिसे ग्लोबल साउथ में सबसे बड़े एआई के आयोजनों में से एक माना जा रहा है, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की भागीदारी इस बात को रेखांकित करती है कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से आजीविकाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, न कि उन्हें विस्थापित करने के लिए।

## युवा व मातृ शक्ति ने सदस्यता ग्रहण की

**विकासनगर।** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के संगठनात्मक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भाऊवाला में सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग कई युवा शक्ति एवं मातृ शक्ति ने पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों से प्रेरित होकर यूकेडी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का आयोजन पछवादून जिला अध्यक्ष जितेंद्र पंवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में केंद्रीय संगठन मंत्री प्रकाश भट्ट, केंद्रीय संगठन मंत्री मनोज कंडवाल, महिला प्रकोष्ठ की केंद्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती रुकमणी सजवाण, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अतुल बेंजवाल, जिला मीडिया प्रभारी हरीश कुनियाल, जिला प्रवक्ता पियूष नेगी, सहसपुर ब्लॉक अध्यक्ष यशपाल नेगी, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बिपिन अंथवाल अरविंद धीरज गुसाई, अतुल राणा, रवि, आदि उपस्थि थे।

# दोस्त ही बने जल्लाद; हत्या कर चिड़ियापुर के जंगलों में दबाया था शव

## एसएसपी प्रमेंन्द्र डोभाल के नेतृत्व में पुलिस को मिली कामयाबी, मुख्य हत्यारोपी समेत 3 गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजधानी के थाना नेहरू कॉलोनी और बसंत विहार पुलिस की संयुक्त टीम ने सनसनीखेज शदिगंबर धीमान हत्याकांडश का पर्दाफाश करते हुए तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ढाई लाख रुपये के लेनदेन के विवाद में नशे की हालत में इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा, रॉड और मृतक के जूते भी बरामद कर लिए हैं।पूछताछ में आरोपियों ने कुबूला कि मृतक दिगंबर धीमान ने उनसे 2.5 लाख रुपये उधार लिए थे, जिसे वह लौटा नहीं रहा था। 9 फरवरी को जब दिगंबर कोर्ट की तारीख पर आया, तो मुख्य आरोपी हेमंत सेमवाल ने उसे बहाने से रेसकोर्स स्थित अपने कमरे पर बुलाया। वहां सभी ने साथ मिलकर नशा किया और फिर पैसों को लेकर विवाद शुरू हो गया।

गुस्से में आकर आरोपियों ने दिगंबर पर लोहे की रॉड, हथौड़े और पेचकस से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे अत्यधिक खून बहने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### टैक्सी में लादकर जंगल में ठिकाने लगाया था शव

प्रेस वार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंन्द्र डोभाल ने बताया कि हत्या के बाद आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने के लिए एक टैक्सी चालक राजन. दन (जो पहले ही गिरफ्तार हो चुका है) को 15 हजार रुपये का लालच देकर बुलाया। शव को कंबल में लपेटकर कार की डिग्गी में डाला और चिड़ियापुर (हरिद्वार) के जंगलों में ले जाकर नहर किनारे रेत में दबा दिया। वापसी में आरोपियों ने हत्या में इस्तेमाल हथियार नेपाली फार्म के पास नदी में फेंक दिए थे।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आईएसबीटी हरिद्वार बाईपास रोड से घेराबंदी कर हेमंत कुमार सेमवाल निवासी रेसकोर्स, देहरादून व आदिल सहित वैभव भट्ट उर्फ संजू निवासी रेसकोर्स, देहरादून आरोपियों को दबोच. ।सएसएसपी दून के निर्देशानुसार गठित टीमों ने सर्विलांस और सटीक सूचना के आधार पर कार्रवाई की है। अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# प्रदेश में कानून व लोकतांत्रिक व्यवस्था ध्वस्त: गोदियाल

■ प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक व वन विकास निगम कर्मियों पर हमले को बताया शर्मनाक भाजपा के शासन में भू-माफिया, शराब व खनन माफिया हावी



शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने वन विभाग के आशारोड़ी रेंज कार्यालय में वन विकास निगम के कर्मचारियों व ननूरखेड़ा में भाजपा विधायक उमेश शर्मा की अगुवाई में प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक अजय कुमार नौडियाल पर हुए जानलेवा हमले पर बयान जारी करते हुए कहा कि भाजपा शासन में जिस प्रकार सरकारी कार्यालयों और अधिकारियों व कर्मचारियों पर सरकार प्रायोजित हमले हो रहे हैं उससे प्रदेश की कानून व्यवस्था ही नहीं अपितु लोकतांत्रिक व्यवस्था भी ध्वस्त होती नजर आ रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में भू-माफिया, शराब माफिया और खनन माफिया हावी हो चुके हैं तथा इन सभी को सरकार का पूरा संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि आज राज्य में माफियाओं, असामाजिक तत्वों तथा अपराधियों के मन से कानून का भय समाप्त हो चुका है। राज्य की राजधानी देहरादून में सरेआम पुलिस की नाक के नीचे हत्यायें हो रही हैं तथा भाजपा विधायक के नेतृत्व में अपराधी तत्व और गैगस्टर सरकारी कार्यालयों में पहुंचकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मारपीट कर रहे हैं यह राज्य के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।गोदियाल ने देहरादून में आशारोडी में वन विभाग के कर्मियों तथा प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक पर भाजपा विधायक के नेतृत्व में हुए हमले को अत्यंत निंदनीय, दुर्भाग्यपूर्ण और कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी बताते हुए कहा कि सत्तारूढ दल के विधायक के नेतृत्व में जिस प्रकार शिक्षा विभाग के अधिकारी पर हमला हुआ है उसे किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन कानून और नियमों के दायरे में ही करते हैं। सत्ताधारी दल के विधायक के नेतृत्व में की गई ऐसी घटनाएँ सरकारी अधिकारियो के प्रशासनिक मनोबल को कमजोर करती हैं और समाज में गलत संदेश देती हैं। गणेश गोदियाल ने इन दोनों प्रकरणों पर दोशियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित किये जाने एवं अधिकारियों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने की मांग की है।

## शिक्षा निदेशक पर हमले की एससी/एसटी एम्प्लाइज फेडरेशन ने की कड़ी निंदा

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** उत्तराखंड एससी/एसटी एम्प्लाइज फेडरेशन ने प्राथमिक शिक्षा निदेशक अजय नौडियाल पर 21 फरवरी 2026 को उनके कार्यालय में घुसकर किए गए जानलेवा हमले की कड़ी निंदा की है। फेडरेशन ने इसे अत्यंत निंदनीय और आपराधिक कृत्य बताते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फेडरेशन के प्रांतीय महासचिव इंजीनियर सुनीत सिंह द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के साथ इस प्रकार की घटना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। विज्ञप्ति में कहा गया कि दिनदहाड़े वरिष्ठ अधिकारी पर हमला यह दर्शाता है कि अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। फेडरेशन ने राज्य सरकार से मांग की है कि हमले में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं। संगठन ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के लिए उसका मान-सम्मान सर्वोपरि होता है और इस प्रकार की घटनाएं समाज में किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं हैं। यदि दोषियों पर शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आगे की रणनीति पर विचार करने को बाध्य होगा।

## सीएम व महानिदेशक सूचना ने वरिष्ठ पत्रकार साकेती के निधन पर जताया दुख

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ पत्रकार राम प्रताप मिश्र 'साकेती' के निधन पर दु:ख व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की है।महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने भी वरिष्ठ पत्रकार राम प्रताप मिश्र 'साकेती' के निधन पर दु:ख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की है।

## चोरी के माल के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार, जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहसपुर।** कोतवाली सहसपुर पुलिस ने चोरी के माल के साथ 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से बिजली के तार इन्सुलेटर व क्लेम्प जिनकी कीमत 50 हजार रूपये का माल बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते रोज 21 तारीख को वादी संजय शर्मा पुत्र अशोक शर्मा निवासी जमनीपुर थाना सहसपुर मय हमराही विनोद पुत्र वेद प्रकाश निवासी निवासी भीमावाला थाना विकासनगर, अशोक शर्मा पुत्र सत्यपाल शर्मा निवासी जमनीपुर थाना सहसपुर ने कोतवाली सहसपुर पर एक तहरीर व स्वयं द्वारा गिरफ्तार शुदा 1 नफर आरोपी फारूख पुत्र स्व0 यामीन निवासी जमनीपुर थाना सहसपुर व आरोपी ने चोरी किये गये 1 प्लास्टिक के कट्टे में चोरी किये गये सामान के साथ लाकर दाखिला किया गया। दाखिला तहरीर के आधार पर कोतवाली सहसपुर पर बी0एन0एस0 में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त से बरामद मालमुकदमात को कब्जे पुलिस लिया गया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## दिव्य कला मेले का आयोजन 1 मार्च तक होगा

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में आयोजित यह 30वां 'दिव्य कला मेला' देशभर में आयोजित मेलों की श्रृंखला का महत्वपूर्ण पड़ाव है। अब तक 29 स्थानों पर आयोजित मेलों में लगभग 2362 प्रतिभागियों ने भाग लिया है और 23 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार दर्ज किया गया है। सरकार ने दिव्यांग उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए 20 करोड़ से अधिक के ऋण स्वीकृत किए हैं, जो आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ठोस प्रतिबद्धता को दर्शाता है। रोजगार मेलों में अब तक लगभग 3131 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 1007 को शॉर्टलिस्ट किया गया और 313 से अधिक को रोजगार प्रस्ताव प्राप्त हुए।

# लाखामंडल में 50 दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण का समापन

■ महिलाओं को मिला स्वरोजगार का संबल



शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत चकराता विकासखंड लाखामंडल में आयोजित 50 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। जिला उद्योग केंद्र, देहरादून के सहयोग से संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाने का अवसर प्रदान किया।

कार्यक्रम में कुल 20 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों को बटन मशरूम की उन्नत खेती, कम्पोस्ट निर्माण, स्पॉन प्रबंधन, तापमान एवं आर्द्रता नियंत्रण, रोग एवं कीट प्रबंधन, कटाई, ग्रेडिंग, पैकेजिंग और विपणन की व्यवहारिक जानकारी दी गई। इसके साथ ही मूल्य संवर्धन के अंतर्गत मशरूम अचार जैसे उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, ताकि महिलाएं अपनी आय में वृद्धि कर सकें।

समापन समारोह में लाखामंडल ग्राम प्रधान बीना भट्ट, सशक्ती परियोजना की परियोजना प्रबंधक पल्लवी जोशी, मधुमक्खी विशेषज्ञ कलावती भट्ट, क्षेत्रीय सुगमकर्ता सोनिका रावत, जिला उद्योग केंद्र देहरादून से शंकर नेगी तथा सभी महिला लाभार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बीना भट्ट ने कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन कम लागत में अधिक लाभ देने वाला व्यवसाय है, जिसे महिलाएं घर से ही संचालित कर सकती हैं।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में उमेश बंगारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्तमान में वे सशक्ती परियोजना में उद्यान प्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं।

उन्होंने प्रतिभागियों को तकनीकी एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करते हुए स्वयं की मशरूम उत्पादन इकाई स्थापित करने के लिए प्रेरित किया तथा विपणन और मूल्य संवर्धन के माध्यम से आय बढ़ाने के उपाय भी बताए। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उन्हें स्वरोजगार प्रारंभ करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

# जेवरात चोरी कर फरार आरोपी मध्य प्रदेश से गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

## अलमारी की चाबी के बहाने चोरी किए थे जेवरात

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर क्षेत्र में अलमारी की चाबी बनाने के बहाने घर में घुसकर ज्वैलरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका साथी फरार है।पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। हरिद्वार एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि 9 फरवरी को शिवालिक नगर निवासी संदीप धीमान ने कोतवाली रानीपुर में शिकायत दर्ज कराई कि दोपहर के समय उनकी बुजुर्ग माताजी ने गोदरेज अलमारी की चाबी बनाने के लिए दो व्यक्तियों को घर बुलाया था। आरोप है कि दोनों ने चाबी बनाने का झांसा देकर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर



लिया। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई गठित कोतवाली रानीपुर और सीआईयू की संयुक्त टीम ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद 20 फरवरी को पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी गोविन्द छाबड़ा (25 वर्ष) निवासी ग्राम बारिया, थाना गंधवानी, जिला धार, मध्य प्रदेश को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।आरोपी के कब्जे से एक पीली धातु की सोने की अंगूठी बरामद की गई। रानीपुर कोतवाली प्रभारी आशुतोष राणा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साले के साथ मध्य प्रदेश से हरिद्वार आया था और शिवालिक नगर स्थित घर में चाबी बनाने के बहाने चोरी की वारदात को अंजाम देकर वापस अपने गृह राज्य लौट गया। उसने बताया कि अन्य आभूषण उसके साले के पास हैं। पुलिस टीम ने जब सह-आरोपी के घर दबिश दी तो वह मकान पर ताला लगाकर परिवार सहित फरार हो गया। उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। शेष ज्वैलरी की बरामदगी के लिए टीम को निर्देशित किया गया है। पुलिस टीम में रानीपुर कोतवाली प्रभारी आशुतोष राणा, गैस प्लांट चौकी प्रभारी एसआई विकास रावत, कां. दीप गौड, गंभीर तोमर व सुमन डोबाल तथा सीआईयू प्रभारी नरेन्द्र सिंह बिष्ट व कां. वसीम शामिल रहे।

# परिवहन विभाग ने चलाया विशेष प्रवर्तन अभियान

## आवश्यक अभिलेख न होने पर 50 व्यक्तियों के किए चालान, 10 वाहन किए सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रविवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी नेहा झा के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एआरटीओ (प्रशासन) निखिल शर्मा भी उपस्थित रहे। शहर के प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील मार्गों पर सघन चेकिंग कर ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट वाहन संचालन तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। चेकिंग अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों पर ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट वाहन चलाने तथा आवश्यक अभिलेख न होने जैसे मामलों में कुल 50 चालान किए



गए। वहीं गंभीर नियम उल्लंघन पाए जाने पर 10 वाहनों को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त कई वाहन चालकों को मौके पर ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए सख्त चेतावनी दी गई। एआरटीओ (प्रशासन) निखिल शर्मा ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान निरंतर और अधिक सख्ती के साथ जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, ट्रिपल राइडिंग से बचें तथा सभी यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# आर्य समाज रोहालकी ने चलाया स्वच्छता अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** आर्य समाज रोहालकी किशनपुर द्वारा ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए गांव के तालाब किनारे फैली गंदगी को साफ किया। अभियान में गांव के युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर स्वच्छता का संकल्प लिया। आर्य समाज मंदिर में प्रतिदिन होने वाले योग और आध्यात्मिक चिंतन में आचार्य संजीव सनातनी के नेतृत्व में युवाओं को वृक्षो की रक्षा और पॉलीथिन का इस्तेमाल कम से कम करने का संकल्प दियाया गया। आर्य समाज के प्रधान एवं मंत्री धीरेंद्र आर्य ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा हमारा भविष्य हैं। यदि हम अपने आज को सुधरेंगे तभी हमारा कल सुधरेगा। स्वच्छता अभियान से सामाजिक सहभागिता करना आर्य समाज का काम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि युवाओं के प्रयास जीवन से दुर्गुण, दुर्व्यसन, शराब, मांस आदि समाप्त होंगे। इस दौरान हिमांशु चौहान, प्रियांशु चौहान,



आयुष चौहान, हर्ष चौहान, निक्की शर्मा, अभिषेक चौहान, वैदिक चौहान समेत बड़ी संख्या में युवाओं ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

# सुनील सेठी बने राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष

## पंजाबी को दूसरी अधिकारिक भाषा का दर्जा दे सरकार : अशोक मेहता

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** व्यापारी नेता सुनील सेठी को राष्ट्रीय पंजाबी महासभा का उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। महासभा के नेशनल प्रेसीडेंट एवं हरियाणा के पूर्व सूचना आयुक्त अशोक मेहता ने प्रेस वार्ता में इसकी घोषणा की। अशोक मेहता ने कहा कि संगठन 'सरबत दा भला' के संदेश के साथ देशभर में समाजसेवा के कार्य संचालित कर रहा है और सुनील सेठी के नेतृत्व में उत्तराखंड में भी विभिन्न जनकल्याणकारी प्रकल्प चलाए जाएंगे। उन्होंने राज्य सरकार से पंजाबी भाषा को दूसरी आधिकारिक भाषा का दर्जा देने तथा पंजाबी समुदाय के हितों के लिए वेलफेयर बोर्ड गठन की मांग भी उठाई। नवनियुक्त



प्रदेश अध्यक्ष सुनील सेठी ने कहा कि सेवा समर्पण भाव का लक्ष्य रखते हुए सर्व समाज के हितों के लिए काम करेंगे। पूरे प्रदेश में संगठन का विस्तार करते हुए सभी जिलों में इकाइयों का गठन किया जाएगा तथा गरीब व जरूरतमंद लोगों की सहायता से जुड़े कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। प्रेसवार्ता में महंत ऋषिवरानंद, महासभा के राष्ट्रीय सचिव अवतार सिंह चुघ, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश आनंद और हरियाणा प्रदेश महासचिव चौधरी राकेश भल्ला सहित कई लोग मौजूद रहे।

# भाजपा का होली मिलन समारोह 1 मार्च को

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारतीय जनता पार्टी का होली मिलन समारोह 1 मार्च को ऋषिकुल मैदान में 11 बजे आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विकास तिवारी ने बताया कि समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पालिका अध्यक्ष राजकुमार अरोड़ा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर सुशील चौहान, पूर्व राज्य मंत्री राकेश राजपूत, मेयर प्रतिनिधि सुभाष चंद्र, वरिष्ठ नेत्री अन्नू कक्कड़ शामिल होंगी। जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट ने बताया कि होली मिलन कार्यक्रम में मथुरा और बरसाने की विशेष राधा कृष्ण की प्रस्तुति और फूलों की होली कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होंगे। सांसद प्रतिनिधि अनिल पुरी ने बताया कि कार्यकर्ताओं में होली मिलन कार्यक्रम को लेकर उत्साह है और



हर वार्ड में भाजपा के सभी कार्यकर्ता पूरे जोश और उत्साह से कार्यक्रम की तैयारी में लगे हैं। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष तरुण नैयर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार अरोड़ा, भाजयुमो के पूर्व प्रदेश मंत्री दीपांशु विद्यार्थी, संजय अग्रवाल, मुकेश कौशिक, रमेश गौड़ आदि शामिल रहे।

# श्री राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए डा. चंद्रलाल भारती

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सामाजिक सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. चंद्रलाल भारती को 'श्री राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इंस्टीट्यूट फॉर सोशल रिफॉर्म्स एंड हायर एजुकेशन द्वारा देहरादून में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें वन मंत्री सुबोध उनियाल व विधायक सविता कपूर मौजूद रहे। लोक निर्माण विभाग हरिद्वार में अपर सहायक अभियंता के पद पर तैनात डॉ. भारती शासकीय सेवा के साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हैं और विशेष रूप से जरूरतमंद विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान करते हैं। सम्मान मिलने पर सहकर्मियों व नागरिकों ने खुशी जताते हुए इसे हरिद्वार के लिए गौरव बताया

# विभिन्न क्षेत्रों में योगदान करने वाले व्यक्तियों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मनु मन की आवाज फाउंडेशन एवं आत्मचिंतनम् परिवार द्वारा आयोजित किए गए प्रेरणा 1.0-श्रेष्ठ रत्न सम्मान समारोह का आयोजन कर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को श्रेष्ठ रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। शंकर आश्रम के समीप स्थित होटल में भारती उत्तराखंड के पूर्व निदेशक डा.आनंद भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथी स्वामी रूपेंद्र प्रकाश, रानीपुर विधायक आदेश चौहान, मुख्य विकास अधिकारी डा.ललित नारायण मिश्रा, आत्मचिंतनम् परिवार के अध्यक्ष उमाशंकर वशिष्ठ, मनु मन की आवाज फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की ब्रांड एंबेसडर डा.मनु शिवपुरी उपस्थित रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने युवाओं की सकारात्मक भूमिका पर बल देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। संस्कृत भारती उत्तरखंड के पूर्व निदेशक डा. आनंद भारद्वाज ने आत्मचिंतनम् परिवार एवं डा.मनु शिवपुरी द्वारा कोविड काल में किए गए सेवा कार्यो की चर्चा करते हुए शिक्षा, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के संरक्षण पर बल दिया और सेवा भाव को जीवन का आधार बताया। मुख्य विकास अधिकारी डा.ललित नारायण मिश्रा ने प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं के समन्वय को विकास की कुंजी बताते हुए कहा कि समाज



की सकारात्मक पहल शासन को भी नई दिशा देती हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.आर.के. सिंह ने स्वास्थ्य जागरूकता, निवारक चिकित्सा तथा योग-प्राणायाम को स्वस्थ समाज की आधारशिला बताया। विक्रमशिला विद्यापीठ भागलपुर बिहार के उप कुलपति डा.गोपाल नारसन ने कहा कि आत्म आत्मचिंतनम् परिवार एवं मनु मन की आवाज फाउंडेशन छात्र छात्राओं की शिक्षा में मजबूत भूमिका निभा रहे हैं।

समारोह में धार्मिक क्षेत्र-श्री गंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम एवं महामंत्री तन्मय वशिष्ठ, साहित्य-गोपाल नारसन एवं अभिनन्दन गुप्ता, शिक्षा-प्रो.डा.सुनील बत्रा, प्रशासनिक एवं सामाजिक क्षेत्र-एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह, सोशल मीडिया इनफ्लयूंसर मनीष शर्मा व विपुल गाबा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा को राजनैतिक क्षेत्र में समाज एवं युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने के लिए श्रेष्ठ रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। इसके अलावा भारतीय जूनियर क्रिकेट टीम में स्थान प्राप्त करने वाली कनक तसलानिया, हैवी वेट लिफ्टिंग में शशांक शर्मा, कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को ग्रेस कार्ट प्रोपराइटर आकाश भारद्वाज एवं तान्या भारद्वाज द्वारा स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री विमल कुमार, संजीव बालियान, नीतिश रेहान, मधुर मोहन शर्मा, अधिवक्ता पुनीत कंसल, अधिवक्ता अर्क शर्मा, आकाश भारद्वाज, सीए मृणाल शर्मा, संतोष शर्मा, अनिल भारतीय, सुभाष मालिक, जगदीशलाल पाहवा, डा.विशाल गर्ग, बादल अरोड़ा, पार्षद तन्मयी, शिवम श्रोतिय, सुनील मिश्रा, शैलेश अग्रवाल, मोहित शर्मा, सौरभ सिखोला, शाश्वत वशिष्ठ, श्वेता पालीवाल, रचना पालीवाल, धीरज पालीवाल, अभिषेक पांडे, डा.मोहित वर्मा, ड्रग इंस्पेक्टर अनिता भारती, हरमोहन तनेजा, प्रधानाचार्या पूनम राणा, विनायक झा को भी सम्मानित किया गया। मुकुल पाराशर, वैभव शिवपुरी, सीडब्लूसी अध्यक्ष प्रियबंधु शर्मा, सुनीता चौहान, बेबी नाज, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हिमांशु बहुगुणा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अंकुर पालीवाल एवं अर्पण शर्मा ने किया।

# कांग्रेसियों ने की प्रेस वार्ता, 2 मार्च को होगा होली मिलन समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** आगामी 2 मार्च को बहादराबाद स्थित सरदार फार्म हाउस में होली मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने प्रेस वार्ता कर क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

प्रेस वार्ता में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महेश प्रताप राणा ने बताया कि होली मिलन समारोह सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जिनके नामों की औपचारिक घोषणा शीघ्र की जाएगी। नेताओं ने कहा कि होली पर्व का आयोजन राजनीतिक मंच न होकर सामाजिक समरसता का उत्सव होगा, जिसमें सभी वर्गों के लोगों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से होली मिलन पर्व में परिवार व मित्रों के साथ पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

इस दौरान जसवंत सिंह चौहान, तेलूराम प्रधान, राजवीर सिंह चौहान, महेश प्रताप राणा, जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह, राकेश राजपूत एवं प्रियव्रत सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। नेताओं ने विश्वास जताया कि समारोह आपसी भाईचारे का संदेश देगा और बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता

# सीवर लाइन डालने के बाद सड़कें नहीं बनाने पर युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सीवर लाइन डालने के बाद सड़क नहीं बनाए जाने पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष कैश खुराना के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। अपर रोड पर प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष कैश खुराना ने कहा कि शहर में सीवर लाइन का कार्य बहुत धीमी गति से किया जा रहा है। कई स्थानों पर सड़कें खोदकर छोड़ दी गयी है। कहीं सीवर लाइन बिछाने के बाद ऊपर से पत्थर बिछाकर छोड़ा जा रहा है। यात्री बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण यात्रियों और स्थानीय व्यापारियों को इससे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तरुण व्यास ने कहा कि पूरे हरिद्वार में सड़कों में गड्ढे हो रहे हैं। सीवर लाईन के नाम पर लोगों को परेशान किया जा रहा है। स्थानीय विधायक इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। शुभम जोशी ने कहा कि पत्थरों पर चलकर लोग चोटिल हो



रहे हैं। जल्द से जल्द सड़कों के गड्ढे भरे जाएं। इस अवसर पर जतिन हांडा, अनिल ठाकुर, आशु भारद्वाज, रवि बाबू शर्मा, रितेश कुमार, बन्नी ठाकुर, आशु श्रीवास्तव, अखिल त्यागी सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने किया विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

# विश्व का सबसे प्राचीन धर्म है सनातन : स्वामी रूपेंद्र प्रकाश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा जगजीतपुर फुटबॉल ग्राउंड में शिवाजी विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि म. मं. स्वामी रूपेंद्र प्रकाश ने कहा कि सनातन धर्म संसार का सबसे प्राचीन धर्म है। यह केवल एक धार्मिक पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की वैज्ञानिक और आध्यात्मिक कला है। जब हम हिंदू एकता की बात करते हैं तो इसका अर्थ केवल राजनीतिक या सामाजिक जुड़ाव नहीं बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सूत्र की पहचान है, जो आज करोड़ों लोगों को एक साथ बांधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि एकता में ही शक्ति है और संगठित हिंदू समाज ही एक सशक्त भारत और सुरक्षित भविष्य की नींव है। उन्होंने कहा कि सनातन



स्वाभिमान के रूप में अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हिन्दू स्वाभिमान के प्रतीक के रूप में स्थापित हुआ तथा इसी के साथ सोमनाथ मंदिर, उज्जैन स्थित महलोक, बद्री केदार का पुनरुत्थान हिंदुओं का स्वाभिमान बन गया है। जब हम बंटे थे तो हमने बहुत कुछ खोया। अब समय है एक होने का अपनी जड़ों की ओर लौटने का। एकता का मूल मंत्र संगठन शक्ति है और सनातन में ही शांति है। मुख्य वक्ता अनिल मित्तल ने संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत की पराधीनता का मुख्य कारण हिंदुओं का बिखराव है। उन्होंने व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का मंत्र दिया। अपनी 100 वर्ष की यात्रा में विशाल वट वृक्ष बन चुके संघ की पहचान केवल वैचारिक संगठन के रूप में नहीं बल्कि दुनिया के सबसे बड़े स्वयंसेवी संस्थान के रूप में है। शताब्दी वर्ष के संकल्प में संघ अब स्वदेशी, स्वभाषा, स्व संस्कृति की दिशा पर जोर दे रहा है। विशिष्ट अतिथि ममता डोबरियाल ने समाज में चल रहे पंच परिवर्तन के विषय को लेकर कहा कि परिवार के माध्यम से समाज और राष्ट्र में सकारात्मक बदलाव लाना है। यदि हम अपने परिवार के भीतर पांच बुनियादी सुधार कर ले तो एक आदर्श समाज का निर्माण स्वयं हो जाएगा। मंच संचालन चित्रा शर्मा ने किया। कार्यक्रम में समा, रूही पाल, सृष्टि, परिधि, अवयव सैनी, सोनिया, अदिति एवं वर्षा आदि बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कटारपुर चौराहे पर रिक्शा चालकों का विरोध प्रदर्शन

## टेम्पो चालकों पर अभद्रता का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव कटारपुर चौराहे पर ई-रिक्शा चालकों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया है। उनका कहना है कि लक्सर हरिद्वार मार्ग पर चलने वाले टेम्पू चालक उनके साथ अभद्र व्यवहार कर उन्हें लक्सर हरिद्वार मार्ग पर चलने से मना कर रहे है। मामले में रिक्शा चालकों ने पुलिस को तहरीर दी है। रविवार को गांव कटारपुर स्थित लक्सर हरिद्वार मार्ग पर रिक्शा चालकों ने टेम्पू चालको के खिलाफ प्रदर्शन कर पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया कि रिक्शा चालकों ने लक्सर हरिद्वार मार्ग पर चलने के लिये आरटीओ हरिद्वार से अनुमति कराई है बावजूद इसके टेम्पू चालक रिक्शाओं को चलाने नही दे रहे है। रिक्शा चालकों ने मामले में प्रदर्शन कर पुलिस को तहरीर दी है। प्रदर्शन करने वालो में ई-रिक्शा अध्यक्ष शाहरुख सलमानी, मुराद, आसिफ, तनवीर, खुर्शीद, हसरत, साजिद, कीर्ति, धर्मवीर, हसीन, कासिद, नासिर, सुलेमान गुर्जर, इशरत मुरसलीन, पवन, बालेश्वर, अंकित, आकाश, सनी चौहान, भवानी, शराफत, मनोज, रफीक, शाहरुख, विजय, समीम, रियाजुल, कृष्ण पाल, सूरज, गुलशेर, गुड्डू, आजाद, कल्लू, नितिन, परमजीत, कुलविंदर, अहसान, सुशील, प्रीतम आदि मौजूद रहे। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया मामले की जांच की जाएगी।

# तीन नाबालिग सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी और संवेदनशील कार्यशैली का परिचय देते हुए तीन नाबालिग बच्चों को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई को लेकर परिजनों और आमजन द्वारा पुलिस की सराहना की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला चकलान निवासी अमित वर्मा ने 22 फरवरी को कोतवाली ज्वालापुर में सूचना दी कि उनका 11 वर्षीय पुत्र 21 फरवरी की रात्रि लगभग 9 बजे घर से खेलने के लिए निकला था लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक कुंदन सिंह राणा के निर्देशन में वरिष्ठ उपनिरीक्षक खेमेन्द्र गंगवार के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें गठित की गईं। पुलिस टीम ने तत्काल परिजनों से विस्तृत जानकारी जुटाई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। साथ ही क्षेत्र में व्यापक पूछताछ एवं प्रचार-प्रसार भी किया गया। ज्वालापुर पुलिस की सक्रियता रंग लाई और कुछ ही समय में मालवीय धाम क्षेत्र के आसपास से तीनों नाबालिग यश वर्मा (11 वर्ष), आदित्य (11 वर्ष) और अनुज (14 वर्ष) को सकुशल बरामद कर लिया गया। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वे तीनों साथ में ही थे। इसके बाद पुलिस ने बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों और क्षेत्रीय नागरिकों ने ज्वालापुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। पुलिस की इस कार्यशैली



ने आमजन में विश्वास और सुरक्षा की भावना को और मजबूत किया है। इस पूरी कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक कुंदन सिंह राणा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक खेमेन्द्र गंगवार, चौकी बाजार प्रभारी उपनिरीक्षक अंशुल अग्रवाल सहित कांस्टेबल आलोक नेगी, कपिल कुमार, संदीप कुमार एवं नवीन छेत्री की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# खुले मे शराब पीने पर रोक लगाने व पुलिस सत्यापन की मांग उठाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भेल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकेश चौहानके नेत्रत्व मे भेल उपनगरी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर खुले मे शराब पीने वालो के खिलाफ कार्यवाही एवं भेल मार्केट मे दुकनों मे काम करने वाले नोकरो के सत्यापन की रानीपुर कोतवाल आशुतोष राणा को ज्ञापन देकर मांग की। व्यापार मंडलप्रतिनिधियों ने भेल उपनगरी के समस्त मार्केट के सामने एवं सेक्टर-1 शॉपिंग सेंटर व स्टेट बैंक सेक्टर-1 खोकों के सामने खुलेआम कारों मे बैठकर शराब पीना और उसके पश्चात युवकों के द्वारा गाली गलौच व हुडदंग करते है। जिस कारण क्षेत्र का माहौल बहुत खराब रहता है और महिलाएं व परिवार सहित मार्केट मे आने जाने, टहलने व घूमने वालों को बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है और क्षेत्र के लोग अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे है। पुलिस गश्त बढाने की मांग की उन्होंने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर 1 मार्केट के आस पास खाली पड़े स्थानो पर देर रात 12 बजे तक कारों में बैठ कर शराब पी जाती है और आश्लील गलियो से बच्चों पर गलत असर पड़ता है। रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक पुलिस गश्त जाए। ताकि लोग अपने घरों मे चैन से सो सकें। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से सभी मार्केट मे काम करने वाले नौकरों विशेष कर रेस्टोरेंट जहाँ रोजाना नये नोकर दिखाई देते है उनका पुलिस सत्यापन होना अत्यंत आवश्यक है। प्रतिनिधि मंडल मे मुख्य रूप से योगेश श्रीवास्तव, नरेश गोयल, पृथ्वी सिंह, देवेंद्र कुमार, अमित कुमार, शामिल रहे।

# बहादरपुर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 50 यूनिट से अधिक रक्त संग्रह

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर जट में हरिद्वार चैरिटेबल ब्लू केंद्र जगजीतपुर के तत्वाधान में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं व ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए 50 यूनिट से अधिक रक्तदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सोनवीर पाल और जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह चौहान ने रक्तदान करने वालों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का श्रेष्ठ माध्यम हे। एक यूनिट रक्तदान से हम चार लोगों का जीवन बचा सकते हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभागने का आह्वान किया। रक्तदान शिविर के संयोजक अभिषेक चौधरी ने रक्तदान करने वाले प्रतिभागियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र सिंह चौहान, नवीन पाल, विवेक सैनी, अक्षय पाल, ब्रजवीर सिंह, अमित चौधरी, चदकिरण सिंह, शुभम चौधरी, सचिन पाल, अक्षय पाल आदि ने रक्तदान किया।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# भाजपा ने बूथ स्तर पर सुना पीएम के मन की बात कार्यक्रम

**■ धर्मपुर विधानसभा के श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल के बूथ संख्या 5 से मौजूद रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट, मुख्यालय में भी सुना गया कार्यक्रम**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय समेत बूथ स्तर पर पीएम के मन की बात कार्यक्रम जनसहभागिता के साथ सुना गया।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि त्यौहारों को लेकर पीएम द्वारा लोकल फॉर वोकल की अपील को प्रदेश में पूरी तरह से अनुशरण का आग्रह जनता के बीच किया जाएगा। इसी तरह, एआई समिट और कृषि क्षेत्र में हो रहे इनोवेशन का जिक्र हम सबके लिए सीखने लायक है। वहीं पीएम के अनुभवों, संस्मरणों और मार्गदर्शन सुनने को हमेशा ही प्रेरणादायी बताया। उन्होंने आज धर्मपुर विधानसभा के अंतर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल के बूथ संख्या 5 पर आज प्रधानमंत्री के लो. कप्रिय कार्यक्रम ष्मन की बातष् को स्थानीय जनता के साथ सुना। इस दौरान विधायक विनोद चमोली, मण्डल अध्यक्ष वासुदेव जखमोला, पूर्व जिला उपाध्यक्ष देहरादून महानगर रतन चौहान, मण्डल महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक राजकुमार भास्कर, बूथ अध्यक्ष सुभाष मनोड़ी, शक्ति केंद्र संयोजक रमन राजपूत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। वहीं पार्टी मुख्यालय में भी प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार एवं तरुण बंसल की उपस्थिति में मन की बात कार्यक्रम सुना गया।

इस दौरान प्रदेश कार्यालय सचिव जगमोहन रावत, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, प्रदेश प्रवक्ता मथुरा दत्त जोशी, टीका प्रसाद मैखुरी, सुलोचना राणा समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिक्षा निदेशक से बदसलूकी पर भड़का उक्रांद

**रुद्रप्रयाग।** प्राथमिक शिक्षा निदेशालय में निदेशक अजय नौडियाल के साथ सत्ताधारी दल के विधायक की मौजूदगी में समर्थकों द्वारा की गम्र मारपीट की घटना ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। उत्तराखण्ड क्रान्ति दल ने इस . त्य की घोर लनदा करते हुए दोषियों पर तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाम्र की मांग उठायी है। उत्तराखण्ड क्रान्ति दल के केन्द्रीय महामंत्री देवेन्द्र चमोली ने इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। उन्होंने सरकार पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि यह कृत्य शासन की किलता और सत्ता पक्ष की बौखलाहट का जीता-जागता नमूना है। उन्होने ने तीखे शब्दों में कहा कि हयह घटना यह दर्शाने के लिए काफी है कि या तो सरकार का अपनी नौकरशाही पर कोई नियंत्रण नही रह गया है।

# सम्मेलन में हिंदुओं को जागृत करने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़/उत्तरकाशी:** विकास भवन लदाडी स्थित रामल. ीला मैदान में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस सम्मेलन में हिंदुओं को जागृत करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया है।

क्षेत्र की महिलाओं ने ढोल-दमाऊं की थाप पर पारंपरिक रासो-तांदी नृत्य प्रस्तुत किया। इसके साथ ही पौराणिक कथाओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमो. हक प्रस्तुतियां दी गईं।

आयोजकों ने बताया कि धर्म की रक्षा और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से पूरे भारतवर्ष में हिन्दू विराट सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी आशुतोष प्रकाश गोवर्धन पीठ, जगन्नाथ पुरी ने कहा कि यह सम्मेलन हिंदू संगठनों को एकजुट करने का आह्वान है। उन्होंने इसे हिंदुओं को जागृत करने का अनोखा संगम बताया। इस मौके पर कार्यम अध्यक्ष देवेन्द्र नाथ, वक्ता-दौलतराम बिजल्लण, ब्रहमकुमारी बहिन प्रीति, संजीव नौटियाल, अजय बडोला, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश प्रसाद भट्ट, किशोर सेमवाल, रितु राणा, उमेद चौहान, कमल किशोर जोशी, शैलेन्द्र प्रसाद अवस्थी मौजूद रहे। वहीं चिन्यालीसौड़ के सरस्वती शिशु मंदिर शक्ति पुरम में भी विराट हिन्दू सनातन सम्मेलन का आयोजन किया गया।



मुख्य वक्ता पवन, अवतीका पंवार समेत अन्य वक्ताओं ने विराट हिन्दू सम्मेलन को धर्म की रक्षा और हमारी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के प्रति अटूट समर्पण का सशक्त प्रतीक बताया।

# शिक्षा निदेशक से अभद्रता पर शिक्षा निदेशालय में उबाल, दी बोर्ड परीक्षा बहिष्कार की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** देहरादून स्थित शिक्षा निदेशालय में बेसिक शिक्षा निद. ेशक अजय नौडियाल एवं उनके स्टाफ के साथ सत्ता पक्ष के विधायक समर्थकों की ओर से की गई मारपीट और अभद्रता की घटना ने तूल पकड़ लिया है। राजकीय शिक्षक संघ रुद्रप्रयाग ने इस घटना की घोर निंदा करते हुए इसे 'लो. कतंत्र की हत्या' करार दिया। संगठन ने दो टूक चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बोर्ड परीक्षाओं के बहिष्कार जैसा कड़ा कदम उठाने को विवश होंगे। रविवार को राशिस रुद्रप्रयाग की एक आपातकालीन ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष आलोक रौथाण ने कहा कि रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ के समर्थकों द्वारा एक उच्च अधिकारी के साथ की गई गुंडागर्दी न केवल एक व्यक्ति का अपमान है, बल्कि पूरे शिक्षक और कर्मचारी समाज की गरिमा पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा, "यदि जनप्रतिनिधि ही कानून हाथ में लेंगे, तो प्रदेश में कार्य संस्कृति पूरी तरह नष्ट हो जाएगी। जिला मंत्री शंकर भट्ट ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार 'राम राज्य' की बात करती है, वहीं दूसरी ओर शासन के नाक के नीचे 'जंगलराज' और 'गुंडाराज' चरम पर है। उन्होंने साफ किया कि यदि विधायक और उनके समर्थकों पर कठोर कानूनी कार्रवाई नहीं होती, तो प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर शिक्षक समाज बोर्ड परीक्षाओं का पूर्ण बहिष्कार करेगा। जिला उपाध्यक्ष शीशपाल पंवार और प्रवक्ता अजय भट्ट ने कहा कि लोकतंत्र में संवाद की जगह होती है, दबंगई की नहीं। इस घटना से पूरे प्रदेश के अधिकारी और कर्मचारी सहमे हुए हैं। बैठक में एक स्वर से मांग की गई कि मुख्यमंत्री इस मामले का संज्ञान लेकर दोषियों को तुरंत दंडित करें।

इस अवसर पर जनपदीय संरक्षक नरेश कुमार भट्ट, संयुक्त मंत्री दीपक नेगी, महिला उपाध्यक्ष कुसुम भट्ट, विमला राणा, मनमोहन गुसाई, सुलेखा सेमवाल, अंकित रौथाण, संदीप भट्ट, पंचम राणा, दिलबर कोटवाल, प्रवीन घिगड़ियाल, माही कोठियाल सहित सभी ब्लॉक व जनपद स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मां कालिंका की ऐतिहासिक देवरा यात्रा का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चमोली।** उर्गम घाटी रविवार को एक ऐतिहासिक और भावुक क्षण की साक्षी बनी। उर्गम घाटी के भर्की, भेटा, पिलखी और ग्वाणा की आराध्य माँ कालिंका की ऐतिहासिक श्देवरा रथ यात्राश नौ महीनों के विजय भ्रमण के साथ समापन हो गया। 30 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद, पिछले वर्ष 10 जुलाई को शुरू हुई यह यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था की एक कठिन परीक्षा थी। माँ कालिंका ने जोशीमठ और दशोली ब्लॉक के 98 गाँवों में लगभग 1000 किलोमीटर की पैदल दूरी तय की। इन 181 दिनों की पदयात्रा में माता ने हर घर की श्ध्याणियोंश को उनके मायके की याद दिलाई और अपना आशीष दिया। 9 फरवरी से भर्की गाँव में उत्सव का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह आज अपने चरम पर पहुँचा।

शनिवार को माँ ने अपनी ध्याणियों को श्ध्याणी भत्ताश दिया, जिसे पाकर गाँव की हर बेटी भावुक हो उठी। आज विदाई के इस मेले में हजारों की भीड़ ने माँ के जयकारों से पूरी घाटी को गुंजायमान कर दिया।

# युवती के साथ नैनीताल घूमने आए युवक की सन्दिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

नैनीताल/सतपुली। सरोवर नगरी में उस समय हड़कंप मच गया, जब नैनीताल घूमने आए एक 20 वर्षीय युवक की होटल के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक अपनी महिला मित्र के साथ शनिवार देर शाम पौड़ी गढ़वाल के सतपुली से नैनीताल पहुंचा था। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान सतपुली निवासी सुमित सिंह पुत्र दिनेश सिंह के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में युवक की मौत का कारण संदिग्ध दवाओं के ओवरडोज से जुड़ा बताया जा रहा है।

हालांकि पुलिस का कहना है कि अंतिम निष्कर्ष पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। जानकारी के अनुसार, सुमित अपनी महिला मित्र के साथ तल्लीताल स्थित एक होटल में ठहरा था। शनिवार और रविवार की दरमियानी रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। बताया जा रहा है कि कमरे में रहते हुए युवक ने कुछ दवाओं का सेवन किया था, जिसके बाद वह बेहोश हो गया। युवक को बेहोश होता देख उसकी महिला मित्र घबरा गई और शोर मचाया। आवाज सुनकर होटल कर्मचारी मौके पर पहुंचे और तुरंत उसे बीडी पांडे जिला अस्पताल ले जाया गया। बीडी पांडे अस्पताल के डॉक्टर सुनील ने बताया कि युवक को अस्पताल लाए जाने तक उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टर के अनुसार, मरीज को सुबह हमारे पास लाया गया, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, जिससे मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सके। पुलिस के मुताबिक, होटल के कमरे से दवा का रैपर और एक सिरप बरामद हुआ है। सूत्रों के अनुसार, युवक ने संभवत: शक्ति वर्धक दवाओं का अधिक सेवन कर लिया था, जिससे उसके शरीर पर विपरीत प्रभाव पड़ा। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सुमित के साथ आई युवती ने पुलिस को बताया कि वे दोनों परिजनों को जानकारी देकर ही नैनीताल घूमने आए थे। उसने कहा कि जैसे ही सुमित की तबीयत बिगड़ी, उसने तुरंत दोनों पक्षों के परिजनों को सूचना दे दी। सूचना मिलने पर रविवार सुबह दोनों परिवार नैनीताल पहुंच गए। तल्लीताल थाना पुलिस ने होटल के कमरे को सील कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि युवक ने कौन-सी दवाओं का सेवन किया था और वे दवाएं कहां से लाई गई थीं। होटल स्टाफ और संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल मामले को संदिग्ध मानते हुए सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

# दिल्ली मैराथन में भागीरथी ने हासिल किया सिल्वर मेडल

**■ प्रतिभाशाली धाविका ने किया प्रदेश का नाम रोशन**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली/** दिल्ली मैराथन के 11वें संस्करण में उत्तराखंड की प्रतिभाशाली धाविका भागीरथी बिष्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया है। 42 किलोमीटर की मैराथन दौड़ में 24 वर्षीय भागीरथी ने 2 घंटे 43 मिनट का समय लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और प्रदेश सहित चमोली जनपद का नाम रोशन किया। रविवार को आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़े मुकाबले के बीच चमोली जिले के वाण गांव की निवासी भागीरथी ने बेहतरीन रणनीति, संतुलित गति और धैर्य का परिचय देते हुए सफलता हासिल की। प्रतियोगिता में उत्तराखंड के खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। भागीरथी की इस उपलब्धि से जनपद चमोली और देवाल क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

स्थानीय खेल प्रेमियों, जनप्रति. निधियों और ग्रामीणों ने उनकी सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। भागीरथी के कोच एवं अंतरराष्ट्रीय मैराथन धावक सुनील शर्मा ने बताया कि भागीरथी ने पूरी दौड़ के दौरान संयम और आत्मविश्वास बनाए रखा। उन्होंने कहा कि कठिन प्रतिस्पर्धा के बावजूद भागीरथी ने अपनी रणनीति पर कायम रहते हुए रेस पूरी की।

# निरंकारी मिशन सेवादल के लोगो ने कर्णप्रयाग संगम पर चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** जल संरक्षण की दिशा में निरंकारी मिशन के द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के तहत चौथे चरण के अंतर्गत पूज्य माता सुदीक्षा महाराज के दिशा निर्देशन में रविवार को कर्णप्रयाग संगम पर निरंकारी मिशन के सेवादल एवं साध संगत द्वारा सफाई अभियान चलाया गया है, सफाई अभियान का शुभारम्भ उपजिलाधिकारी कर्णप्रयाग सोहन सिंह रांगड़ एवं व्यापार मण्डल के अध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह मिंगवाल द्वारा किया गया। उपजिलाधिकारी कर्णप्रयाग सोहन सिंह रागड़ ने कहा जागरुक स्वयं सेवकों की एक स्वैच्छिक रूप से सामाजिक सरोकारों और लोक हितों को लेकर प्रतिबद्ध है। समाज में सामाजिक सद्भावनाओं, समानता के मूल्यों के प्रति जागरूकता लाने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया। समाज सेवक देवराज रावत ने कहा निरंकारी मिशन के जागरूक स्वयं सेवकों ओर से समय-समय पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहते है इसी कड़ी में रविवार को कर्णप्रयाग संगम ओर मन्दिर परिसर में सफाई अभियान चलाकर वहां पड़े कूड़े को एकत्र कर उसका निस्तारण किया गया,उन्होंने कहा आदिबद्री संयोजक क्षेत्र के आदिबद्री, गैरसैण शिमली, नगरकोटियाना, कर्णप्रयाग, गौचर के सेवादारों ने प्रतिभाग किया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मिशन के महात्मा सुरेंद्र सिंह कठैत, डी एस बर्तवाल, सुरेंद्र सिंह रावत, महाबीर सिंह बिष्ट आदि मौजुद रहे।



# कुर्मांचल परिषद के होली मिलन समारोह में थिरके जोशी

**■ कैबिनेट मंत्री ने घुघुती समौण' नामक पत्रिका एवं वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन**




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के ओएनजीसी कम्युनिटी सेंटर में कुर्मांचल सांस्कृतिक एवं कल्याण परिषद द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री जोशी ने समिति द्वारा प्रकाशित 'घुघुती समौण' नामक पत्रिका एवं वार्षिक कैलेंडर का विमोचन भी किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सभी प्रदेशवासियों को होली की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व अधर्म, असत्य और अन्याय जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार देश की सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करने के साथ-साथ भाईचारे और समरस. ता की भावना को भी प्रबल करता है। कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि होलिका दहन जैसे प्रतीक हमें सामाजिक एवं व्यक्तिगत बुराइयों का त्याग करने का संदेश देते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि सभी लोग हर्षोल्लास के साथ होली मनाएं, साथ ही संकल्प लें कि अपने भीतर की बुराइयों को समाप्त कर जीवन में सकारात्मक रंग भरें। इसके उपरांत मंत्री गणेश जोशी जीएमएस रोड स्थित एक निजी होटल में भारतीय सर्व समाज महासंघ उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में भी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। जहां समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष राम कुमार वालिया, अजीत चौधरी, पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कैंट विधायक सविता कपूर, कुर्मांचल परिषद के अध्यक्ष कमल रजवार, महासचिव गोविन्द पाण्डेय, आरएस परिहार, पार्षद नंदनी शर्मा, गंभीर सिंह रावत, प्रेमा तिवारी, बबीता साह लोहानी, मंजु देउपा, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


## कार्यालय:- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार ( पौडी गढवाल )

पत्रांक:-5670 /कर अनु0/आ0अना0/भव0ना0/2025-26 दिनांक:-21.02.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अत: नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

| क्र. सं. | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखो में दर्ज नाम ( नाम जो निरस्त होना है ) | आवेदक का नाम व पता ( नाम जो दर्ज होना है ) एंव आच्छादित क्षेत्रफल | सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 204/04 वार्ड न. 04 गाडीघाट | श्री अलताफ पुत्र मौ0 इस्माइल उक्त आवासीय भवन का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 600 वर्गफीट याने 55.76 वर्गमीटर | श्रीमती कबीरन बेगम पत्नी स्व0 श्री जाफर अली उक्त आवासीय भवन का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 600 वर्गफीट याने 55.76 वर्गमीटर | रजिस्ट्री व खाता-खतौनी की छायाप्रति एंव शपथ पत्र |
| 2 | 429/12 जौनपुर वार्ड न0 12 | श्री रविन्द्रपाल सिह नेगी पुत्र श्री चन्द्रपाल सिंह नेगी कुल आच्छादित क्षेत्रफल 1125 वर्गफिट याने 104.55 वर्गमीटर | श्रीमती मधु ममंगाई पत्नी श्री अशोक कुमार ममंगाई कुल आच्छादित क्षेत्रफल 1125 वर्गफिट याने 104.55 वर्गमीटर | रजिस्ट्री की छायाप्रति एंव शपथ पत्र |
| 3 | 412/1/15 नजीबाबाद रोड | श्री रामकुमार पुत्र श्री मिश्रीलाल उक्त अनावासीय भवन का आच्छादित दुकानों का क्षेत्रफल क्रमश: 188.41 वर्गफिट याने 17.51 वर्गमीटर एवं 188.41 वर्गफिट याने 17.51 वर्गमीटर | श्री अनिल कुमार पुत्र मिश्रीलाल उक्त अनावासीय भवन का आच्छादित दुकानों का क्षेत्रफल क्रमश: 188.41 वर्गफिट याने 17.51 वर्गमीटर एवं 188.41 वर्गफिट याने 17.51 वर्गमीटर | दाननामा फ्री-होल्ड भूखण्ड पर निर्मित दुकान की रजिस्ट्री व फ्री- होल्ड के अभिलेख एंव शपथ पत्र |
| 4 | 67/11 वार्ड न0 11 लोअर कालाबड | श्री संजीव कुमार त्रेहान एंव श्री आशीष त्रेहान पुत्रगण श्री प्रेमनाथ त्रेहान वार्ड न0 11 मे स्थित फ्री-होल्ड भूखण्ड संख्या 11 एंव 12 मध्ये 749 वर्गफीट याने 69.60 वर्गमीटर निर्मित भवन | श्री आशीष त्रेहान पुत्रगण श्री प्रेमनाथ त्रेहान वार्ड न0 11 मे स्थित फ्री-होल्ड भूखण्ड संख्या 11 एंव 12 मध्ये 749 वर्गफीट याने 69.60 वर्गमीटर निर्मित भवन | वाछिंत विवरण दान-पत्र भूमि एंव भवन की रजिस्ट्री व फ्री- होल्ड के अभिलेख एंव शपथ पत्र |
| 5 | 24/13 नजीबाबाद रोड | श्री राजकुमार प्रजापति पुत्र श्री रामचरण प्रजापति उक्त आनावासीय भवन का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 108.20 वर्गफीट याने 10.05 वर्गमीटर निर्मित भवन | श्रीमती पूनम पत्नी दीपक सिंह उक्त आनावाीय भवन का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 108.20 वर्गफीट याने 10.05 वर्गमीटर निर्मित भवन | फ्री-होल्ड रजिस्ट्री व विक्रय पत्र एंव शपथ पत्र |
| 6 | 410A/13 सिनेमा मार्ग/जयानंद भारती मार्ग | श्री रमन कुमार पुत्र श्री प्रेम सिंह उक्त भवन का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 120 वर्गफीट याने 11.15 वर्गमीटर | श्री सतीश वर्मा पुत्र श्री राजाराम वर्मा उक्त भवन का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 120 वर्गफीट याने 11.15 वर्गमीटर | रजिस्ट्री की छायाप्रति एंव शपथ पत्र |
| 7 | 367/2/15 देवी रोड़ | श्री ऋषि कुमार वर्मा पुत्र भगवत शरण वर्मा भवन का आच्छादित क्षेत्रफल 200 वर्ग फुट याने 18.58 वर्ग मीटर | श्री बाबी वर्मा पुत्र ऋषि कुमार वर्मा भवन का आच्छादित क्षेत्रफल 200 वर्ग फुट याने 18.58 वर्ग मीटर | रजिस्ट्री की छायाप्रति मृत्यु प्रमाण पत्र उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अनापत्ति पत्र |

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार**



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड थराली

पत्रांक- 215 / सिं. ख.थ./ निविदा दिनांक:-21/02/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या-10/ सिं.ख.थ./2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड थराली द्वारा निम्नलिखित कार्य हेत ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन सिंगल बिडसिस्टम (Singal Bid System) निविदा आमंत्रित की गयी है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि ( लाख रु. में ) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी0एस0टी0 | ठेकेदार की वगीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नाबार्ड मद के अंतर्गत जनपद चमोली के विकास खण्ड नारायणबगड़ की 2 पर्वतीय नहर ( मींग एवं बेडुला ) का पुनरोद्धार कार्य। | 1.90 | 09 माह | 90 दिवस | 4000+ 18%GST | श्रेणी एवं उच्चीकृत |

**शर्तें**- निविदा दस्तावेज एवं निविदा-बिडप्रपत्र उत्तराखण्ड सरकार की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑनलाईन उपलब्ध होगें तथा ऑनलाईन ही जमा किये जायेगें।

**( प्रशान्त श्रीवास्तव )**
**अधिशासी अभियन्ता,**
**सिंचाई खण्ड थराली**

